समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# “यूपी के 20 जिलों मे बारिश का अलर्ट, लेकिन गर्मी से राहत नहीं – जाने अगला मौसम अपडेट”

Publisher

Published on 08 May 2025



**मौसम विभाग के मुताबिक यूपी के पश्चिमी और पूर्वी दोनों संभागों मे आज भी कई जगहों पर गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना है. वहीं आने वाले दिनों मे गर्मी बढ़ेगी.**

उत्तर प्रदेश में मौसम में काफी उतार-चढाव देखने को मिल रहा है. प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से हुई बारिश की वजह से मौसम सुहाना हो गया है. आज (8 मई) सुबह राजधानी लखनऊ में हल्की बारिश हुई, जिसकी वजह से मौसम में ठंडक बनी हुई है. आज भी 20 जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश हो सकती है. लेकिन, बारिश का ये असर ज्यादा दिनों तक रहने वाला नहीं हैं. आने वाले दिनों में एक बार फिर से पारा बढ़ेगा, जिससे लोगों को गर्मी का सामना करना पड़ेगा.

मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी दोनों संभागों में आज भी कई जगहों पर गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना बनी हुई है. इस दौरान कहीं-कहीं मेघ गर्जन के साथ वज्रपात की चेतावनी दी गई है. 9 और 10 मई को में पूर्वी यूपी में मौसम शुष्क रहने का अनुमान है. हालांकि, पश्चिमी क्षेत्र में कुछेक जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना है.

13 मई तक बारिश का सिलसिला रहेगा जारी

11 मई से बार एक बार फिर मौसम में बदलाव आएगा और जिससे दोनों संभागों में आंधी के साथ तेज बारिश का अलर्ट जारी किया गया है. 13 मई तक प्रदेश में इसी तरह का मौसम रहेगा. बारिश के बावजूद लोगों को गर्मी से राहत मिलने के आसार नहीं है. आने वाले चार दिनों में अधिकतम तापमान में धीरे-धीरे 3-5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होगी, इसके बाद एक बार फिर से 2-3 डिग्री तापमान नीचे गिरने की संभावना है.

आज यूपी के जिन 20 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है, उनमें पश्चिमी यूपी के मथुरा, अलीगढ़, नोएडा, गाजियाबाद,

हापुड़, मेरठ, अमरोहा, मुरादाबाद, बिजनौर, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, शामली, बागपत में बारिश होने के आसार हैं. पूर्वी यूपी की बात करें तो यहां प्रयागराज, मीरजापुर, संत रविदास नगर, वाराणसी, सोनभद्र और चंदौली में एक या दो जगहों पर गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती हैं. अन्य जगहों पर मौसम शुष्क ही रहेगा.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.